**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

**राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने किया उपराष्ट्रपति का एयरपोर्ट पर स्वागत**
**राजभवन में हुआ फोटो सेशन एवं पुस्तक सहित कविता भेंट की गई**

लखनऊः 03 दिसम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज उपराष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायड्ु का राजभवन में गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारीगण भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल एवं राजभवन के अधिकारियों के साथ ग्रुप फोटोग्राफ भी खिंचवाया।

राजभवन में उपराष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु को राज्यपाल के विधि परामर्शी श्री एस0एस0 उपाध्याय ने अपनी पुस्तकें 'द गवर्नर्स गाइड' एवं 'यूनिवर्सिटी लाॅ आफ इण्डिया' की प्रति भेंट की तथा निरीक्षक श्री कुलदीप सिंह ने उप राष्ट्रपति के स्वागत में लिखी कविता उन्हें भेंट की। उपराष्ट्रपति के फरमाइश पर श्री कुलदीप सिंह ने कविता को पढ़कर सुनाया।

इससे पूर्व राज्यपाल द्वारा चैधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, मंत्रिमण्डल के सदस्यों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु का लखनऊ में स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत अंग वस्त्र पहनाकर किया। उपराष्ट्रपति ने लालकुंआ स्थित रिसालदार बुद्ध विहार में रखे बौद्ध धर्मगुरू प्रज्ञानंद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु आज राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे तथा कल दिनांक 4 दिसम्बर, 2017 को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करने हेतु प्रातः 8.30 बजे कानपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (446/5)












UNIVERSITY
LAW
N INDIA
THE
GOVERNORS'
GUIDE